# गेल(इंडिया) लिमिटेड

**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**(एक महारत्न कम्पनी)**

**विज्ञापन संख्या : गेल/पाता/एम.एस./अस्थायी/मेड प्रोफेशनल्स/25-26/1**

**REQUIREMENT OF FULL TIME SHIFT DUTY MEDICAL OFFICER (SDMO) ON TEMPORARY TENURE BASIS**

**अस्थायी कार्यकाल के आधार पर पूर्णकालिक शिफ्ट ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी (एसडीएमओ) की आवश्यकता।**

गेल (इंडिया) लिमिटेड, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम का एक महारत्न कम्पनी है, तथा भारत की प्रमुख प्राकृतिक गैस कंपनी, प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला के सभी पहलुओं (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रसंस्करण, परिवहन, वितरण और विपणन सहित) तथा इससे संबंधित सेवाओं को एकीकृत कर रही है। तेजी से परिवर्तित हो रहे परिदृश्य में, गेल हरित ऊर्जा कॉरिडोर द्वारा चतुर्दिक विस्तार करके स्वच्छ ईंधन औद्योगीकरण के एक नए युग की ओर अग्रसर है, जो भारत में प्रमुख उपभोग केंद्रों को प्रमुख गैस क्षेत्रों, एलएनजी टर्मिनलों तथा सीमा पार गैस सोर्सिंग प्वाइंट से जोड़ता है। गेल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने के उद्देश्य से विदेशों में भी अपने व्यवसाय का विस्तार कर रहा है।

**धनवंतरि अस्पताल, जो गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा संचालित अस्पताल है। गेल गाँव दिबियापुर, जिला- औरैया, उत्तर प्रदेश में स्थित अपने पूर्ण रूप से सुसज्जित अस्पताल हेतु अस्थायी कार्यकाल के आधार पर निम्नलिखित पूर्णकालिक शिफ्ट ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी (एसडीएमओ) की आवश्यकता है।**

| क्र. सं. | पद का नाम | न्यूनतम आवश्यक योग्यता | रिक्तियों की संख्या | पारिश्रमिक | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धनवंतरि अस्पताल, गेल गाँव, दिबियापुर हेतु अस्थायी कार्यकाल के आधार पर पूर्णकालिक शिफ्ट ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी (SDMO) | एक वर्ष की अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप एवं वैध पंजीकरण के साथ एम.बी.बी.एस. | 03 | समेकित रु. 1,04,000/- प्रतिमाह (रु. 3,100/- की वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ | 8 घंटे की शिफ्ट ड्यूटी |

**<u>अस्थायी कार्यकाल के आधार पर पूर्णकालिक शिफ्ट ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी (एसडीएमओ) के लिए अन्य शर्तें</u>**

1. नियुक्ति अस्थायी कार्यकाल के आधार पर पूर्णकालिक होगी तथा नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी। कार्य निष्पादन के आधार पर नियुक्ति अवधि को वार्षिक आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। नियुक्ति की अधिकतम अवधि नियुक्ति तिथि से तीन वर्ष की होगी। नियुक्ति के एक वर्ष पूर्ण होने के पश्चात सेवा विस्तार पर वेतन वृद्धि प्रदान की जाएगी।

2. उपरोक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, कंपनी द्वारा गेल टाउनशिप में अनफर्निश आवासीय आवास भी उपलब्ध कराया जाएगा (उपलब्धता तथा एलएफआर, बिजली, पानी का शुल्क एवं लागू होने वाले किसी भी अन्य शुल्क की वसूली के अधीन)। गेल टाउनशिप में स्कूल सुविधा, क्लब, पुस्तकालय, स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक खेल तथा मनोरंजन सुविधाएं, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स आदि सहित सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है।

3. एसडीएमओ के लिए रु. 12 लाख की व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी की व्यवस्था की जाएगी, ताकि विकलांगता और चिकित्सा उपचार सहित किसी भी आकस्मिक घटना को कवर किया जा सके।

4. इनडोर उपचार के लिए रु. 5 लाख का फैमिली फ्लोटर कवर स्वयं, पति/पत्नी तथा दो निकटतम आश्रितों अर्थात बच्चों और/अथवा माता-पिता के लिए प्रदान किया जाता है।

5. गेल अस्पतालों/औषधालयों द्वारा रु. 1000/- प्रति माह तक की दवाओं की लागत का वहन ओपीडी खर्चों के लिए किया जाएगा, जो कि स्वंय, जीवनसाथी एवं दो निकटतम आश्रितों अर्थात बच्चों और/अथवा माता-पिता के लिए मान्य होगा।

6. यदि ड्यूटी हेतु यात्रा करनी पड़े या फील्ड ड्यूटी के लिए अन्य स्थानों पर प्रतिनियुक्त किया जाए, तो नियमानुसार टीए/डीए भी देय होगा।

7. एक कैलेंडर वर्ष में 12 आकस्मिक अवकाश तथा 12 प्रदत्त अवकाश आनुपातिक आधार पर प्रदान किए जाएंगे, अर्थात प्रति माह 01 आकस्मिक अवकाश तथा 01 प्रदत्त अवकाश । अतिरिक्त ड्यूटी पर उपस्थित होने के लिए प्रतिपूरक अवकाश प्रदान किया जाएगा। प्रदत्त अवकाश को अनुबंध अवधि में ही संचित या आगे बढ़ाया जा सकता है, परंतु आकस्मिक अवकाश को नहीं।

**<u>सामान्य निर्देश</u>**

1. अनुबंध की अवधि कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रारम्भ होगी। चयनित उम्मीदवारों को उपरोक्त नियुक्ति के लिए गेल के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा।

2. यदि अनुबंध की निर्धारित अवधि पूर्ण होने से पहले ही अनुबंध समाप्त किया जाता है, तो अनुबंध समाप्त करने के लिए दोनों पक्षों को 30 दिनों की नोटिस अवधि देनी होगी।

3. चयनित अभ्यर्थी को शिफ्ट ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने के आधार पर गेल में नियमित नियुक्ति का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

4. उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उसके लिए निर्धारित न्यूनतम पात्रता मानदंड को पूर्ण करते हैं। यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अथवा नियुक्ति पश्चात भी यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने गलत सूचना प्रदान की है या कोई प्रासंगिक जानकारी/महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया हैं या न्यूनतम पात्रता मानदंड को पूर्ण नहीं करता है, तो उनकी उम्मीदवारी/अनुबंध/सेवाएं बिना किसी सूचना के अस्वीकार/समाप्त की जा सकती है।

5. वर्तमान में केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों, केन्द्रीय/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या अर्ध-सरकारी संगठनों में कार्यरत अभ्यर्थियों को या तो उचित माध्यम से अपना आवेदन प्रेषित करना होगा अथवा साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

6. गेल के पास उपरोक्त पद को भरने अथवा नहीं भरने तथा बिना किसी पूर्व सूचना या कोई कारण बताए बिना नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तार/संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार है।

7. निर्धारित योग्यता/अनुभव न्यूनतम है और इसे पूर्ण करने मात्र से उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता है। गेल प्रबंधन द्वारा निर्धारित योग्यता/अनुभव को बढ़ाया जा सकता है तथा इस संबंध में गेल का निर्णय अंतिम होगा।

8. उच्च योग्यता और/या योग्यता-पश्चात कार्य का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

9. भर्ती प्रक्रिया के दौरान कोई भी महत्वपूर्ण सूचना जैसे शुद्धिपत्र/परिवर्तन/अपडेट एवं चयनित उम्मीदवारों की जानकारी तथा सामान्य निर्देश वेबसाइट के माध्यम से अथवा उम्मीदवारों द्वारा प्रदान की गई ईमेल आईडी पर उपलब्ध कराए जाएंगे। अतः उम्मीदवार एक वैध ईमेल आईडी प्रदान करें तथा इसे कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रखें, साथ ही अद्यतित सूचना हेतु वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।
10. आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी प्रचार उसकी उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर देगा। इस विज्ञापन के संदर्भ में नियुक्ति से संबंधित कोई भी विवाद केवल दिल्ली न्यायालय के क्षेत्राधिकार में ही निपटाया जाएगा।
11. पद के लिए आवेदन हेतु अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**आवेदन कैसे करें:**

इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार संलग्न अपेक्षित आवेदन प्रारूप को डाउनलोड करें तथा इसे पूर्णरूप से भरकर हस्ताक्षर करके ई-मेल आईडी **recruitment.pata@gail.co.in** पर या पंजीकृत डाक द्वारा **मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन), न्यू पॉलीमर भवन, गेल (इंडिया) लिमिटेड, पाता, जिला– औरैया, उत्तर प्रदेश, पिन 206241** को प्रेषित करें।

अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ नीचे दिए गए सभी प्रासंगिक प्रमाणपत्रों की फोटोकॉपी का एक सेट तथा पासपोर्ट आकार का 2 रंगीन फोटो प्रेषित करना होगा।

i. योग्यता के सम्बंध में सभी प्रमाणपत्र/ प्रशंसापत्र (मैट्रिकुलेशन से लेकर आगे तक के सभी सेमेस्टर/वर्षवार अंक पत्र, उपाधि तथा डिप्लोमा प्रमाण पत्र)।

ii. एमसीआई/एनएमसी अथवा राज्य चिकित्सा परिषद के साथ पंजीकरण प्रमाणपत्र एवं इंटर्नशिप पूर्ण होने का प्रमाणपत्र।

iii. आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा उल्लिखित अनुभव विवरण के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी पूर्ण एवं उचित अनुभव प्रमाण पत्र/दस्तावेज।

iv. उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे उनके द्वारा उपरोक्त सभी दस्तावेज प्रस्तुत कर दिया गया है। यदि उम्मीदवार निर्धारित अवधि में उपरोक्त कोई भी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो ऐसे उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

**उपरोक्त दस्तावेजों के साथ पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र उपरोक्त पता पर दिनांक 05.03.2026 को 17:45 बजे तक ईमेल अथवा पंजीकृत डाक द्वारा अवश्य पहुंच जाना चाहिए।**

**शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को सुविधाजनक तिथि पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। किसी भी प्रश्न के लिए कृपया recruitment.pata@gail.co.in पर ईमेल करें।**

# <u>आवेदन प्रारूप</u>

नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाएं

विज्ञापन संख्या : गेल/पाता/एम.एस./अनुबंध/मेड प्रोफेशनल्स...................

आवेदन पद का नाम:

## व्यक्तिगत विवरण:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | उम्मीदवार का नाम | |
| 2 | राष्ट्रीयता | |
| 3 | पिता/पति/पत्नी का नाम | |
| 4 | माता का नाम | |
| 5 | जन्मतिथि | |
| 6 | श्रेणी (अना./अ.पि.जा./अ.जा./अ.ज.जा./आ.क.व.) | |
| 7 | **डाक पता** | |
| | मकान नं गली | |
| | क्षेत्र | |
| | पिन कोड के साथ शहर/कस्बा का नाम | |
| | जिला | |
| 8 | टेलीफोन संख्या | |
| 9 | मोबाइल संख्या | |
| 10 | ईमेल आई.डी. | |
| 11 | काउंसिल पंजीकरण संख्या एवं स्थान | |

## योग्यता:

| क्र.सं. | उत्तीर्ण परीक्षा | विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | कक्षा | अंकों का % |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

## अनुभव:

| क्र.सं. | संस्था का नाम | धारित पद का नाम | अवधि | | अंतिम आहरित वेतन | कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

मैं सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त सूचना सत्य है तथा इसके समर्थन में दस्तावेज संलग्न हैं।

स्थान:

हस्ताक्षर:

तिथि:

नाम: